an>

Title: Need to construct a railway underpass at level crossing between Bilha and Kesla in Bilaspur district, Chhattisgarh.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर)ः छत्तीसगढ़ राज्य में जिला बिलासपुर के अंतर्गत बिल्हा तहसील है,जो एक व्यवसायिक व औद्योगिक नगरी के नाम से जानी जाती है। यह कृषि उपज की दृष्टि से सबसे अधिक धान उत्पादन करने वाला क्षेत्र है। यहां पर राइस मिल की बाहुल्यता है। इस स्थान से मुम्बई-हावड़ा रेलवे ट्रैक बिल्हा और केसला के बीच थ्री लाइन ट्रैक परिचालित होता है। रेलवे फाटकों के बंद होने से हज़ारों की संख्या में यात्रियों और गाड़ियों का आवागमन बाधित होता है,जिस कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरे द्वारा मांग की जाती है कि इन विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एवं जनता की मांगों को ध्यान में रखकर, यात्रियों एवं गाड़ियों के आवागमन को सुचारू रूप से चलाने हेतु रेल मंत्री जी द्वारा विभागीय जांच करवा कर रेल अंडरब्रिज अतिशीघ्र बनाने की पहल की जाये, ताकि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान हो सके।